सार-समाचार

सीनियर सिटीजन दिवस समारोह 1 को

जालोर, (कासं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीनियर सिटीजन दिवस पर समारोह एक अक्टूबर को शिवाजी नगर के ईश्वर लाल शर्मा सभागार में समारोह पूर्वक आयोजित होगा। जिसमें 75 वर्ष की अधिक उम्र के आम नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष ऋषि कुमार दवे ने बताया कि सीनियर सिटीजन वाचनालय शिवाजी नगर में 1 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग अध्यक्षता आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर प्रदीप के गवांडे, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रविंद्र सिंह बालावत उपस्थित रहेंगे। समारोह के स्वागत अध्यक्ष जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर होंगे। कार्यक्रम समन्वयक ललित दवे ने बताया कि विगत 10 वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी सीनियर सिटीजन दिवस पर 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक जनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संस्थान के मंत्री अंबालाल सुंदेशा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र नाग, पुखराज शर्मा , मोहनदास रामावत, कानाराम परमार, रामजीवन फिदौडा, नारायण लाल भट्ट, भगाराम सुथार, लक्ष्मण सुंदेशा, सावलचंद माली भंवरलाल सुथार, लक्ष्मी नारायण दवे, सूरज प्रकाश व्यास, रमेश कुमार जैन, राजेंद्र भूतडा सहित वरिष्ठ नागरिक जने उपस्थित थे।

मारवाड़ी मंच की साइक्लोथोन 22 को

जालोर, (कासं)। मारवाड़ी युवा मंच जालोर की ओर से साइक्लोथोन का आयोजन 22 सितंबर को सुबह 6.30 बजे स्टेडियम प्रांगण से किया जाएगा। फिट इंडिया मूवमेंट व खेलो के प्रति जागरूकता के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन लगातार चौथे वर्ष किया जा रहा है, इस कार्यक्रम का आयोजन मंच की 9 अंतर्राष्ट्रीय शाखाओ के साथ भारत में 851 से अधिक शाखाओ में एक साथ 25 अगस्त को किया गया था। लेकिन अत्यधिक बारिश के कारण स्टेडियम मैदान में पानी भरने व सड़के खराब होने से जालोर में कार्यक्रम को ऐन वक्त पर स्थागित कर दिया गया था। 22 सितंबर को सुबह 7 बजे लगभग 2000 प्रतिभागी अपनी साइकिलों से स्टेडियम प्रांगण से शुरू होकर कॉलेज चौराहा, बाईपास सूरजपोल, हरदेव जोशी सर्कल, गिटको होटल से वन वे ,राजेंद्र नगर होते हुए पुन: स्टेडियम में पहुंचेगे। युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति इस ध्येय के साथ इस साइक्लोथोन का आयोजन मारवाडी युवा मंच द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। गत वर्ष जालौर शाखा ने भारत की 851 शाखों में सर्वाधिक 1800 से अधिक प्रतिभागियों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष भी अब तक जालौर में 2000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लुंबाराम चौधरी होंगे, अध्यक्षता जिला कलेक्टर प्रदीप गवांडे करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी विष्णु प्रकाश पुंगलीया समूह, ग्रेनाइट एसोसिएशन व श्री राम ग्रेनाइट्स है।

राष्ट्रीय खेलकूद का समापन कल

जोधपुर, (कासं) । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक वायुसेना, जोधपुर में चल रही 53वीं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत हैंडबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए हैं। पहला सेमीफाइनल पटना संभाग और देहरादून संभाग के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल जयपुर संभाग और बैंगलोर संभाग के मध्य होगा। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से चल रहे लीग मैचों में सभी प्रतिभागियों की टीमों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आज प्रात: हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भी कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। मैच के दौरान उम्मेद सिंह, प्राचार्य के.वि. क.1 सेना जोधपुर, विद्यालय के उप-प्राचार्य मूल सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक मनोज गोधा, डॉ. शैख़ शारीक अहमद, लवनीत कौर रंधावा आदि उपस्थित थे। सभी टीमों के प्रदर्शन ने दर्शकों और खेल प्रेमियों को रोमांचित किया है। फाइनल मुकाबला कल आयोजित होगा, जिसके लिए सभी टीमें पूरी तैयारी कर रही हैं। पीएम श्री के.वि.क्र. 2 वायुसेना स्थल जोधपुर प्राचार्य गजेन्द्र जोशी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का समापन समारोह पीएम श्री के.वि.क्र. 2 वायुसेना स्थल जोधपुर में आयोजित किया जायेगा।

दुरूपयोग पर 6 गैस सिलेंडर जब्त

जालोर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 17 से 27 सितम्बर तक घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक दुरूपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला कलक्टर के निर्देशन में जिले में 5 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए 6 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि रसद विभाग द्वारा जालोर जिले में रामसीन स्थित मैसर्स माखन भोग स्वीट, राजस्थान स्वीट होम, अंबिका मिठाई कॉर्नर एवं शांतिनाथ स्वीट मार्ट में गैस सिलेंडर का अनाधिकृत रूप से भंडार कर दुरूपयोग करने व द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी उपबंधों का स्पष्ट उल्लंघन पाये जाने पर मौके पर 6 गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने जिले के समस्त खाद्य पदार्थ एवं अन्य प्रतिष्ठानों को हिदायत देते हुए बताया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में वाणिज्यिक गैस सिलेंडर का प्रयोग करें। यदि किसी भी प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग होना पाया गया गया तो संबंधित के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गेस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

क्रिकेट ने सांकड की टीम विजेता बनी

सांचोर, (निसं)। निकटवर्ती राउमावि मोखातरा में आयोजित जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र वर्ग क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में राउमावि सांकड ने झाब की टीम हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रधानाचार्य जगदीश कुमार विश्नोई ने बताया कि खिलाड़ियों ने अपने दम पर अच्छा प्रदर्शन किया व अनुशासन से खेल में आगे बड़े और सफलता हासिल की। शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों द्वारा टीम व टीम कोच, टीम प्रभारी का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता मोहनलाल पंवार,सुरेश कुमार गोदारा, पीसी डारा, भारत सुथार, अनिता विश्नोई, दिनेश खिचड, जवाहरराम पंचाल, केसाराम पुनिया,भागीरथ विश्नोई, केसाराम सुथार, हरिराम सारण, टीम प्रशिक्षक एवं कोच रामनिवास परिहार की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर समस्त विद्यायल परिवार उपस्थित रहा।

पीपलेश्वर महादेव मंदिर में कथा 23 से

जोधपुर, (कासं)। आसोज बदी श्राद्ध पक्ष में पितरों के कल्याणार्थ रातानाडा ओल्ड कैंपस के सामने स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्रीधरगिरी महाराज के सानिध्य में मंदिर समिति की ओर से 23 से 29 सितंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी मंदिर समिति सदस्य शशिलता शर्मा, मंजू डागा, मंजू प्रजापति, प्रियंका बोराणा, मंजू पंवार, शंकरलाल सैन, दिव्यांशु बोराणा, इंद्रा बोराणा, पुष्पा बोराणा सहित क्षेत्र की कमला सोलंकी, ललिता जोशी, सीमा सांखला आदि को सौंपी है। मंदिर समिति सदस्य शशिकांत तिवाड़ी ने बताया कि कथावाचक सुनिल व्यास महाराज कथा का वाचन करेंगे। 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे क्षेत्र के श्री सिद्ध नागेश्वर महादेव मंदिर से आयोजन स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।

संस्कार सारस्वत ने स्वर्ण पदक जीता

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी संस्कार सारस्वत ने ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट (अंडर-19) में स्वर्ण पदक प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। राजस्थान के लिए अंडर-19 बॉयज़ सिंगल्स में यह पहला स्वर्ण पदक है। संस्कार ने डबल्स में रजत पदक भी जीता है। जोधपुर सांसद केन्द्रीय पर्यटन एवम् संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संस्कार को बधाई दी और कहा कि नए कीर्तिमान आपकी प्रतीक्षा में हैं। बहुत बधाई, अपार शुभकामनाएं दी।

अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को पकड़ा है। महामंदिर थाने के एसआई अमराराम ने हेमसिंह कटला रेलवे फाटक के पास चाकू लेकर घूम रहे भदवासिया सांसी कॉलोनी निवासी मनीष सांसी और हैड कांस्टेबल गोपीराम ने पावटा सी रोड सिल्वर अपार्टमेंट के पीछे चाकू लेकर घूम रहे विरेन्द्र उर्फ डग्गू सांसी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

सांचौर में भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीस से अधिक कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर/सांचौर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र व्यापी सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सांचौर स्थित बी लाल ब्लड बैंक में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक डॉ. शीला विश्नोई एवं जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर की शुरूआत भारत माता की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुई। रक्तदान शिविर में जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा सप्ताह के तहत अनेकों सेवा के कार्य किए जा रहे है। जिसमें शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिले में चल रहे भाजपा सदस्यता अभियान में प्रत्येक बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया एवम सदस्यता अभियान के बारे में मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं से जानकारी ली। जिलाध्यक्ष राव ने कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरत मंद को समय पर रक्त उपलब्ध होने के कारण उसकी जान की रक्षा होती है। उसके साथ ही रक्तदाता के शरीर को रक्तदान से स्वास्थ्य बहुत लाभ मिलता है हमे समय समय पर रक्तदान जैसी पुनीत कार्य में भागीदारी देनी चाहिए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी भावेश सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाडा के तहत विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे हैं, जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेंगे, इसी कडी में आज बी लाल ब्लड बैंक सांचौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर में 30 से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सहसंयोजक डॉ शीला विश्नोई, जिला मिडिया प्रभारी भावेश सोनी भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खां , भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महिपालसिंह अचलपुर, अमराराम देवासी, मंडल अध्यक्ष चितलवाना सांवलाराम माली, सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हंजारीमल सीलू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली

जोधपुर, (का.सं.)। सम्भागीय आयुक्त जोधपुर एवं अध्यक्ष जोधपुर विकास प्राधिकरण डॉ. प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ विश्नोई, उपायुक्त, निदेशकगण सहित जेडीए उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

सचिव भागीरथ विश्नोई ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह ने प्राधिकरण की जोनवार आवासीय एवं व्यावसायिक योजना क्षेत्रों, प्राधिकरण की विभिन्न शाखाओं के प्रमुख कार्यों, प्राधिकरण द्वारा पूर्ण किए गए विकासा कार्यो, प्राधिकरण द्वारा आमजन के कार्यों के सरलीकरण एवं सुविधा के लिए संचालित ऑनलाईन सर्विसेज, अतिक्रमण शाखा, पूल शाखा एवं सूचना प्रोद्यौगिकी शाखा के कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक में प्रभारी अधिकारियों ने अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा को अपनी-अपनी शाखाओं से संबंधित कार्यो एवं प्रगति के बारे में बताया। संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह ने प्राधिकरण के विभिन्न प्रस्तावित विकास कार्यो एवं प्रगतिरत विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रगतिरत विकास कार्यों को पारदर्शिता, पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए।

'मार्गों से पशुओं को हटाने का काम जारी रहे'

पाली, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आज शुक्रवार को जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित हुयी ।

बैठक मे कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मार्गा से पशुओं को हटाने का काम निन्तर जारी रहे उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग 1150 पशु पकडे जा चुके है जो इतनी बडी कार्रवाई पहले कभी नही हुयी है। बैठक में उन्होंने विभिन्न रपटों पर जमी काई हटाने के लिये आमजन को दुर्घटनाओं से बचाने के लिये समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले शहर की सभी मुख्य सडके और अन्य सडको को सही कर दिया जावे। उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक होकर कार्य करें व उपलब्ध ससांधनों से हम बेस्ट देने का प्रयास करें ।

बैठक में अतिरिक्त कलक्टर, भवानी सिंह ने राजमार्गों से पशुओं को हटाने पर,एनएच व एनएचएआई द्वारा पशुओ के हटाने के बारे में जानकारी ली साथ ही सडकों की मरम्मत नगर निगम को पशु पकडने की डेली रिपोर्ट भेजने के लिये , पैनल्टी वसूलने , रोड लाईट, बाल वाहिनी की बैठक के बारे में जानकारी , 18 साल से कम बच्चे जो गाडीयां ,स्कूटी चलाते है उनकी समझाईश करने निगरानी रखने ,भारी वाहनों पर स्पीड के बारे में व ओवरलोडेड वाहनों पर कार्रवाई करने के लिये निर्देश दिये।

साथ ही उन्होंने हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, ट्रेक्टर जो ध्वनि प्रदूषण करते है उन पर कार्रवाई करने व हैलमेट के लिये जागरूकता अभियान चलाने के लिये शिक्षा विभाग को व अधिकारी व कार्मिको के लिये एडवाइजरी जारी करने के लिये निर्देश दिये। पाली ,उपखंड अधिकारी , भागीरथ राम , सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियन्ता , अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आफरी में शोध कार्यों पर चर्चा

जोधपुर, (कासं)। शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान (आफरी) जोधपुर में शोध परामर्शी समूह की बैठक आज आयोजित की गई।

यह परामर्शी बैठक विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई परियोजना की व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए डॉ. तरुण कान्त, निदेशक, वैज्ञानिक-जी, आफरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अपने स्वागत उद्बोधन में समस्त शोध परामर्शी विशेषज्ञों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए परामर्शी बैठक के महत्त्व को बताया।

हाइब्रिड मोड में आयोजित इस परामर्शी बैठक में डॉ पी.एस. रावत, अतिरिक्त महानिदेश ने अपने उद्बोधन में पर्णधारकों की एवं क्षेत्रिय आवश्यकता अनुरूप नवीन शोध परियोजनाओं को क्रियान्वित करने का आव्हान किया।

परामर्शी बैठक की सचिव डॉ. संगीता सिंह, समूह समन्वयक (शोध) ने प्रस्तुत परियोजनाओं की सूची एवं उनके मुल्यांकन क्रियाविधि के बारे में बताया। तीन प्रमुख अनुसन्धान क्षेत्रों पर आधारित कुल नौ नवीन परियोजनाओं को आफरी के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

नामित विषय विशेषज्ञों द्वारा अनुसन्धान परियोजनाओं में आवश्यक सुझाव प्रदान कर मुल्यांकन किया गया। किशन सिंह जसोल, प्रगतिशील किसान व पर्यावरणविद, काजरी से वैज्ञानिक डॉ. पी. सी. मोहराना, डॉ. आर के काकाणी, डॉ. आर के कालिया, वन विभाग से सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक एम एल सोनल, वानस्पतिक सर्वे ऑफ़ इंडिया से डॉ. एस. एल. मीणा, विधि विश्वविद्यालय से सहयक प्रोफेसर डॉ. नीति माथुर, हेंडीक्राफ्ट उद्योग से प्रशांत सिंह कुशवाह एवं राजेश गुप्ता, डॉ. एम एम सुंदरिया, कृषि विवि, जोधपुर, आफरी से वैज्ञानिक भावना शर्मा, डॉ. शिवानी भटनागर एवं विकास अरोड़ा, डी सी एॅफ़ ने बैठक के परामर्शी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

ई-केवाईसी अनिवार्य

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों द्वारा ई-केवाइसी यदि 30 सितम्बर तक नहीं करवाई जाती है तो उन को अक्टूबर माह के गेहूँ का वितरण रोक दिया जायेगा।

रेलवे स्टेडियम परिसर में श्रमदान किया

जोधपुर, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को खिलाड़ियों ने रेलवे स्टेडियम परिसर में श्रमदान करते हुए उसे स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान जोधपुर में रेलवे की विभिन्न शाखाओं के खिलाड़ियों ने रेलवे स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई से श्रमदान किया।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत श्रमदान के पश्चात स्टेडियम में आयोजित वॉलीबॉल मैच में टीम ए ने टीम बी को 25-20,22-25,25-18 के अंतर से हरा दिया।

टीम ए के सुरजीत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। जोधपुर रेल मंडल की शक्ति एवं पर्यावरण विंग की ओर से मनाए जा रहे पखवाड़े के पांचवे दिन शनिवार को स्काउट एंड गाइड के कैडेट्स की ओर से रेलवे कॉलोनियों,भगत की कोठी डीजल शेड और रेलवे स्टेशनों पर पौधरोपण किया जाएगा।

सुन्देलाव से युवक का शव निकाला

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जालोर शहर के सुंदेलाव तालाब में देर रात एक युवक के तालाब किनारे एक बाइक व चप्पलें मिलीं, युवक की पत्नी ने पति के डूबने की आशंका जताई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस सहित जिला प्रशासन ने तलाशी अभियान शुरू किया।

जालोर के सुंदेलाव तालाब किनारे स्थित सिंचाई विभाग में रमेश कुमार (32) पुत्र सत्तू राम दिशांतरी एलडीसी के पद पर कार्यरत है, वह बाडमेर शहर के मारुति विला का रहने वाला है। वहीं शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ और सिविल डिफेन्स की टीम के गोताखोरों द्वारा काफी देर तक तलाश करने पर शव को बाहर निकाला।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में मिड-डे-मील कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

आदि गौरव सम्मान योजना के आवेदन 23 सितम्बर तक लेंगे

पाली, (नि.सं.)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा जनजाति समुदाय के लोगों की बहुमुखी भूमिका को प्रोत्साहित कर समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की दृष्टि से "आदि गौरव सम्मान" प्रारंभ किया गया है। जिसे माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में समारोहपूर्वक प्रदान किया जावेगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास उदयपुर की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्मान तीन श्रेणियों में दिया जाना प्रस्तावित ये होंगी।

आदिरत्न गौरव सम्मान- खेल, शिक्षा, साहित्य एवं संस्कृति तथा विज्ञान, तकनीकी, आजीविका आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के लिए। आदिसेवा गौरव सम्मान- अनुसूचित जनजातियों के लिए व्यक्ति, पंचायतीराज संस्थाओं, गैर सरकारी/स्वैच्छिक संगठनों तथा समुदाय आधारित समूह / संगठनों द्वारा प्रदान की गई अनुकरणीय सामुदायिक सेवा के लिए।

आदिग्रामोत्थान गौरव सम्मान - अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली ग्राम पंचायत/ पंचायत समिति/जिला परिषद के लिए प्रस्तावित है।

सार-समाचार

राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला बालोतरा में चलाए जा रहे पोषण निरीक्षक महाभियान के तहत जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय समस्त अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने जिला कलैक्टर कार्यालय के सामने संचालित हो रहे जसमल भीमराज गोलेच्छा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होने भोजन को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की, साथ ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण दौरान सामग्री का स्टॉक रजिस्टर के अनुसार मापन किया गया। कच्चे माल और पक्के माल के स्थाई और स्थाई रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को जाच्चा तथा नियमित रूप से अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन बच्चों ने 14 वर्ष की उम्र से पूर्व अध्ययन करना छो? दिया है, उन बच्चों का पता लगाकर तथा उन्हें किसी न किसी विद्यालय से आवश्यक रूप से जोडने हेतु निर्देशित किया। बच्चों ने रुचि के साथ भोजन को ग्रहण किया। बालिकाओं से खाने की गुणवत्ता के बारे में बात करने पर संतोषप्रद स्थिति सामने आई। खाना बनाने वाली महिलाओं से बात की गई तथा रसोई में खाना बनाते समय स्वच्छता और अच्छी रखने हेतु निर्देशित किया। क्योंकि कच्ची सामग्री भी उसी कमरे में तथा खाना भी उसी कमरे में बनाया जा रहा था। जिससे स्वच्छता की विशेष जरूरत थी, इस हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने शिक्षकों एवं बालक बालिकाओं से संवाद किया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, उनका बडा करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य गणेश कुमार, प्रभारी मिड-डे-मील मंजू त्रिवेदी, भरत कुमार अशोक कुमार वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे।

बालोतरा में स्वच्छता रैली निकाली

बालोतरा, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत नगोणी धतरवालो की ढाणी में आम नागरिकों को एवं बालकों को स्वच्छता के प्रति सजग किया और स्वयं के साथ-साथ आस पडोस के वातावरण को भी शुद्ध रखने का आव्हान किया कोई भी व्यक्ति गंदगी ना करें तथा करने वाले दूसरे व्यक्तियों को भी विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करें साथ ही स्वयं की गली मोहल्ले गांव को साफ रखने का संकल्प ले अगर प्रत्येक गांव साफ सुथरा होगा तो जिला राज्य और देश स्वत ही स्वच्छ और स्वस्थ हो जाएगा 1 वर्ष में कम से कम स्वच्छता के लिए 100 घंटे श्रमदान जरूर करें इसका मतलब एक सप्ताह में कम से कम 2 घंटे श्रमदान करें तभी स्वच्छ स्वभाव और स्वच्छ संस्कार का निर्माण होगा शपथ ग्रहण के पश्चात अंबेडकर भवन में वृक्षारोपण करके स्वच्छ स्वभाव और स्वच्छ संस्कार का संदेश प्रत्येक नागरिक को प्रदान किया उसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित पुरुषों महिलाओं एवं बालक बालिकाओं को रैली के रूप में गांव में भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भंवर सिंह गोदारा, लक्ष्मण चौधरी, डूंगरचन्द दर्जी सहायक विकास अधिकारी, बाबू सिंह सरपंच प्रतिनिधि, अतर सिंह यादव प्रधानाचार्य राउमावि महात्मा गांधी पुराना गांव, पवन पंवार जिला कार्य म समन्वयक स्वच्छता, सुरेन्द्र सिंह ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सोनू ग्राम विकास अधिकारी, कृपाराम गोदारा वरिष्ठ अध्यापक, खेमराज सोनी, हनीफ खान, परमेश्वरी देवी आदि उपस्थित रहे।

राजस्थान पटवार संघ ने ज्ञापन दिया

सायला, (निसं)। राजस्थान पटवार संघ जालोर द्वारा संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापनों पर सकारात्मक कार्यवाही करने की मांग को लेकर शासन सचिव जयपुर के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि राजस्थान पटवार संघ द्वारा लम्बित मांगों को लेकर सक्षम स्तर पर समय-समय पर ज्ञापन प्रेषित किए गए है। जिसमें राजस्व कार्मिकों को लैपटॉप एवं प्रिन्टर उपलब्ध करवाने, राजस्व सेवा परिषद् के लम्बित मार्गो के ि यान्वयन, विभागीय पदोन्नती समिति की बैठक समय पर आयोजित कर पदोन्नतियां समयबद्ध तरिके से किये जाने 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में भू-प्रबन्ध आयुक्त द्वारा जारी पटवारियान् की वरिष्ठता सूची को निरस्त फरमाने, राजस्थान तहसीलदार सेवा नियम 1956 के नियम 7 एवं अनुसूची 1 के बिन्दु संख्या 2 में संशोधन चाहने, पटवारियों के अभाव अभियोग के निस्तारण एवं फसल खरीफ 2081 की ऑनलाईन गिरदावरी आदि मांगों से संबंधित ज्ञापन शामिल है। लेकिन संघ द्वारा बार-बार ज्ञापन के जरिये आग्रह करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से राजस्थान पटवार संघ में असंतोष व्याप्त है तथा 17 व 18 सितम्बर को 2 दिन का सांकेतिक पेन डाउन स्ट्राईक के बाद 19 सितम्बर से अनिश्चितकालीन पेन डाउन स्ट्राईक कर तहसील व उपखण्ड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत समेत पटवारी मौजूद रहे।

बालिकाओं के लिए आध्यात्मिक शिविर

जोधपुर, (कासं)। खेरादियों का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मंदिर त्रिस्तुतिक पौषधशाला में बालिकाओं के लिये चार दिवसीय आध्यात्मिक शिविर साध्वी कारुण्य लता के सानिध्य में शुरू हुआ। इस अवसर पर साध्वी कारुण्य लता ने अपने प्रवचन में कहा कि अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेकर काम करने से कई फ़ायदे हो सकते हैं, अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेने पर नकारात्मक विचारों में नहीं पड़ते। किसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखते। मन शांत और स्थिर रहता है। आत्मविश्वास बढ़ता है। असली सलाह वही दे सकता है जिसका उस सलाह के संबंध में वास्तविक अनुभव हो। उन्होंने कहा कि अनुभवी व्यक्ति को उसके विषय के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। धर्म के क्षेत्र में भी व्यक्ति को पवित्रता, सदाचार, और त्याग का जीवन अपनाकर कल्याण मार्ग प्राप्त करना चाहिए। इसके लिए व्यक्ति को उनमें जो योग्यताओं पूर्व में प्राप्त है उसका विकास करना चाहिए। सद्गुरु के माध्यम से सदगृहस्थ को उनसे प्रेरणा लेकर सद्गित की ओर कार्यरत रहना चाहिए। संघ सचिव हीराचंद भंडारी ने बताया कि संघ स्तर पर साध्वी श्री की निश्रा में बालिकाओं के लिये चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज के युग में धर्म क्षेत्र में युवा पीढ़ी की क्या भूमिका हो, पर विस्तार से चर्चा होगी।

गोलियां स्कूल की व्यवस्थाएं देखी

सायला, (निसं)। पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सायला गोलियां का शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी जालोर भेराराम चौधरी व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जालोर मोहनलाल परिहार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय द्वारा की जाने विभिन्न गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया। जिसमे बच्चों के पढाई स्तर की जांच, मिड डे मील संबंधित जानकारी व व्यवस्था, साफ-सफाई, खेलकूद, वर्कबुक जांच, पुस्तकालय रजिस्टर, पाठ्यपुस्तक वितरण पंजिका आदि देखा गया। सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक दुर्गसिंह तुरा, सुबेसिंह, शंकरलाल, मंजु, इन्दु ओला, सुशीला चौधरी व अनिता आदि उपस्थित थे।

विद्युत कनेक्शन हुआ

रेवदर, (निसं)। रेवदर पीईईओ हरनी अमरपुरा के अधीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिया माता की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी, लेकिन विद्यालय में विद्युत कनेक्शन डिमांड राशि ज्यादा होने के कारण चुनौती भरा कार्य था। संस्था प्रधान रमेश कुमार के प्रयासों और आला अधिकारियों के निर्देशन से एम. पी. कोटा से विद्यालय की डिमांड राशि जमा करवाई गई और आखिरकार विद्यालय में विद्युत कनेक्शन हुआ। इस अवसर पर संस्था प्रधान रमेश कुमार, धीर सिंह, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह देवडा , पोसाराम रेबारी, ईश्वर सिंह देवडा, हंसाराम प्रजापत तथा एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

रावणा राजपूत समाज की तैयारी जारी

बालोतरा, (निसं)। अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान द्वारा हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह देवली के 106 वें बलिदान दिवस पर हाडौती की पावन धरा कोटा में 23 सितंबर को अंतराष्टीय महासम्मेलन का आयोजन होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेलन में बालोतरा जिले के जिलाध्यक्ष जब्बरसिंह सोढा के नेतृत्व में सैकडों की तादाद में समाज के लोग कोटा पहुचेंगे। जिला महामंत्री वीरसिह चौहान खट्ठू ने बताया कि रावणा राजपूत समाज के बालोतरा जिले सहित सभी जिलों से समाज बंधु इस विशाल महाकुंभ में भाग लेंगे।